उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ – 226010

संख्या :- 59 /12/कम्प्यूटर- अनुभाग-12/2018-2024/02-परीक्षा/2018

लखनऊ : दिनांक : 13 अगस्त, 2024

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2018, सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी (स०क०) एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2018 के अंतर्गत विज्ञापित विभिन्न प्रकार के पदों हेतु पुनर्परीक्षा के आधार पर अर्हता/अभिलेख परीक्षण के लिये चिन्हित कुल 4065 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कटऑफ अंक को आवश्यक सूचना संख्या-15/12/कम्प्यूटर अनुभाग-12/2018-2024/02-परीक्षा/2018, दिनांक 21 फरवरी, 2024 द्वारा आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था। तदुपरांत उक्त 4065 अभ्यर्थियों हेतु अर्हता / अभिलेख परीक्षण दिनांक 29.04.2024 से दिनांक 17.05.2024 तक आयोग कार्यालय में आयोजित किया गया था।

उक्त अर्हता/अभिलेख परीक्षण के अंतर्गत लम्बवत / क्षैतिज आरक्षणवार अनुसूचित जनजाति श्रेणी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित श्रेणी तथा विकलांगता की उपश्रेणी-पी०डी० के विज्ञापित पदों के सापेक्ष उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों की संभावित कमी/अनुपलब्धता के दृष्टिगत मा० आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुक्रम में अर्हता/अभिलेख परीक्षण के लिये पुनर्परीक्षा के स्कोर के आधार पर मेरिट के अनुसार चिन्हित (पुनरीक्षित कटऑफ अंक के समान अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) उक्त श्रेणियों के कुल 71 अभ्यर्थियों की अनुपूरक सूची एवं पुनरीक्षित कटऑफ अंक मा० आयोग के अनुमोदनोंपरान्त दिनांक 09.08.2024 को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई थी, जिसमें अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया गया था कि अर्हता / अभिलेख परीक्षण कार्यक्रम की सूचना यथासमय पृथक से प्रकाशित की जाएगी।

अतः विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2018, सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी (स०क०) एवं समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2018 के अंतर्गत अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित अनुपूरक सूची के उक्त 71 अभ्यर्थियों का अर्हता /अभिलेख परीक्षण **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ** में निम्नानुसार आयोजित किया जाना निर्धारित है-

क्र.सं.	दिनांक	पाली-1 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) अभ्यर्थियों की संख्या	पाली-2 (अपराह्न 01:30 बजे) अभ्यर्थियों की संख्या	योग
1	20.08.2024	40	31	71

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित अनुपूरक सूची के उक्त 71 अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गए हैं। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक कर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए अपने Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये अनुपूरक सूची के उक्त 71 अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि अर्हता/ अभिलेख परीक्षण से पूर्व उनके विज्ञापित अनिवार्य अर्हता से सम्बन्धित शैक्षिक अभिलेखों, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्रों एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों का मूल प्रमाण पत्रों/ अभिलेखों से मिलान व गहनता से परीक्षण किया जाएगा। अतः अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी विज्ञापित अनिवार्य अर्हता के सापेक्ष समस्त अंकपत्र व प्रमाण पत्र, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं आयु में शिथिलता के समर्थन में प्रमाण पत्र की मूल प्रतियों एवं उनकी छायाप्रतियों तथा पासपोर्ट साइज के 02

रंगीन फोटोग्राफ के साथ ही डाऊनलोड किये गए Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्रों की मुद्रित प्रतियों में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, निर्धारित तिथि व समय पर अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि वह अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु फोटोयुक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड इत्यादि) की मूलप्रति एवं छायाप्रति अवश्य लेकर उपस्थित हों।

अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये अनुपूरक सूची के उक्त 71 अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि अर्हता / अभिलेख परीक्षण हेतु यह अंतिम अवसर है इसके अतिरिक्त कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

13/08/2024

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

Vinod